महत्वपूर्ण एवं खास

उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू दो दिवसीय प्रवास पर 26 को छत्तीसगढ़ आयेंगे

रायपुर (आरएनएस)। देश के उपराष्ट्रपति एम.वेंकैय्या नायडू दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर 26 व 27 दिसंबर को राजधानी रायपुर आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उपराष्ट्रपति नायडू 26 दिसंबर को राजमुंदरी एयरपोर्ट से भारतीय वायु सेना के विशेष विमान से रवाना होकर शाम 5.35 बजे रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां सीधे वे राजभवन जाएंगे। वे रात्रि विश्राम राजभवन में करेंगे। तत्पश्चात दूसरे दिन 27 दिसंबर को उपराष्ट्रपति सुबह 8 बजकर 5 मिनट में स्वामी विवेकानंद विमानतल से भारतीय वायु सेना के विशेष हेलीकाप्टर से रवाना होकर ओडिशा के बलांगीर जाएंगे। वे यहां आयोजित कार्यक्रम भाग लेने के बाद दोपहर 1.15 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वे यहां से राजभवन जाएंगे। नायडू शाम 4 बजे इंडियन इलोनोमिक एसोसिएशन के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। इसके बाद वे शाम 5.30 बजे विशेष विमान से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

चेन्नई-बिलासपुर के बीच स्पेशल ट्रेन 27 को

रायपुर (आरएनएस)। चेन्नई-बिलासपुर के मध्य इन दिनों ट्रेनों में चल रही भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने यात्रियों को सुविधा देने के उद्देश्य से चेन्नई और बिलासपुर के बीच एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन चलाएगी। ये ट्रेन चेन्नई से बिलासपुर के लिए 27 दिसंबर को 06042 नंबर के साथ चलेगी जो 29 दिसंबर को बिलासपुर पहुंचेगी। स्पेशल ट्रेन चेन्नई से दोपहर 02.40 बजे रवाना होकर गुन्टूर शाम 05.03 बजे, नेल्लूर 05.28 बजे, विजयवाडा रात 09.15 बजे पहुंचकर 09.25 बजे रवाना होकर वरंगल रात 12.23 बजे, मंचिर्याल 02.53 बजे, सिरपुर कागजनगर 03.43 बजे, बल्हारशाह 05.10 बजे, नागभीड सुबह 06.58 बजे, अजुर्नी 07.48 बजे, सोनडाड 08.18 बजे, गोंदिया 09.20 बजे पहुंचकर 09.30 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन राजनांदगांव 10.58 बजे पहुंचकर 11.00 बजे रवाना होगी। दुर्ग 11.58/12.00 बजे, रायपुर 12.40/12.50 बजे एवं बिलासपुर दोपहर 02.30 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में 2 पावरकार, 05 द्वितीय श्रेणी, 10 स्लीपर सहित कुल 17 कोच की सुविधा रहेगी।

छ ग राज्य ग्रामीण बैंक में डकैती की कोशिश, बैंक के टूटे मिले ताले

बेमेतरा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में डकैती की कोशिश करने का मामला सामने आया है। बेमेतरा जिले के बारगांव में अज्ञात ने बैंक के अंदर घूसकर लॉकर को तोड़ने की कोशिश की है। वहीं, बदमाशों ने बैंक में लगे सीसीटीवी को तोड़कर फ्रार हो गए। मामले की सूचना पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार बेरला थाना के बारगांव के छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में देर रात अज्ञात बदमाशों ने डकैती की कोशिश की है। सुबह गांव वालों ने बैंक का ताला टूट हुआ देखकर हैरान रह गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की। बताया जा रहा है कि बदमाश ताला तोड़कर बैंक के अंदर घुसे। वहीं, लॉकर को तोड़ने की कोशिश की गई। कामयाब नहीं होने पर फ्रार हो गए। इस दौरान सीसीटीवी को तोड़ दिया। पुलिस मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाशी शुरू कर दी है।

नई दिल्ली के राजपथ पर बिखरेंगे छत्तीसगढ़ी संस्कृति के रंग

» छत्तीसगढ़ के पारंपरिक शिल्प और आभूषण पर आधरित झांकी हुई चयनित

» रक्षा मंत्रालय की एक्सपर्ट कमिटी ने 5 राउंड की कठिन चयन प्रक्रिया के बाद दी हरी झंडी

रायपुर। गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली के राजपथ पर एक बार फिर छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला और संस्कृति के रंग बिखरेंगे। गणतंत्र दिवस पर राजपथ पर होने वाले मुख्य समारोह के लिये राज्य की झांकी को रक्षा मंत्रालय की एक्सपर्ट कमिटी ने मंजूरी दे दी हैं। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक शिल्प और आभूषणों की विषयवस्तु पर आधारित की झांकी को 5 राउंड की कठिन चयन प्रक्रिया के बाद अंतिम स्वीकृति मिली हैं। मुख्यमंत्रभूपेश बघेल ने इस पर खुशी जाहिर करते हुए राज्य की जनता को बधाई दी हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति को देश-विदेश के लाखों दर्शकों के सामने अपनी अनूठी पहचान बनाने का अवसर मिलेगा। गत वर्ष राज्य की झांकी को राजपथ पर मुख्य समारोह में भाग लेने का अवसर प्राप्त नहीं हुआ था।

राज्य की झांकी राजपथ पर देश और विदेश से आये लाखों दर्शकों को समृद्ध छत्तीसगढ़ी संस्कृति के विभिन्न रंगों से परिचित करायेगी। झांकी के साथ बस्तर के 25 आदिवासी नर्तकों का एक दल भी होगा। यह दल राजपथ पर झांकी के साथ माड़िया नृत्य प्रस्तुत करेगा। यहीं दल बाद में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के समक्ष भी अपनी लोकनृत्य कला को प्रदर्शित करेंगा।

देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच कठिन चयन प्रक्रिया से गुजर कर छत्तीसगढ़ की झांकी का चयन हुआ है। महाराष्ट्र, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, झारखंड जैसे कई राज्यों की झांकी का चयन नहीं हो पाया हैं। ऐसे में राज्य की झांकी का राजपथ पर निकलना गौरव की बात होगी। राज्य के जनसंपर्क विभाग ने राज्य की और से हरेली पर्व, राजिम माघी पुन्नी मेला और कांगेर घाटी की जैव विविधता विषयवस्तु को भी एक्सपर्ट कमिटी के समक्ष प्रस्तुत किया था लेकिन कमिटी ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक शिल्प कला और आभूषणों पर आधारित विषयवस्तु का चयन किया। उन्होंने बताया कि डिजाइन के तीन राउंड और मॉडल और म्यूजिक के दो राउंड के पश्चात छत्तीसगढ़ की झांकी का अंतिम रूप से चयन हुआ है। रक्षा मंत्रालय की इस एक्सपर्ट कमिटी में देश के प्रख्यात कलाकार, वास्तुविद, संगीतकार, मूर्तिकार, गायक, पेंटर, फोटोग्राफर और अन्य विधाओं के विशेषज्ञ शामिल होते हैं।

मारूति शो-रूम के पीछे कबाड़ में लगी आग

» शो-रूम और वाहनों तक नहीं पहुंच सकी आग

जगदलपुर, (आरएनएस)। दंतेवाड़ा-गीदम मार्ग पर स्काई आटोमोबाइल मारूति कार शो-रूम पीछे कबाड़ में आग लग गई। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। स्काई मारूति शो-रूम के पीछे कबाड़ में रखे हुए प्लास्टिक के समान, वाहन के एसी के कचरे रखे हुए थे, जिसमें आग लगने से जल्द ही आग भड़क गई। तत्काल आग बुझाने के लिए अग्निशमन सेवा को फोन कर के बुलाया गया, जिन्होंने समय पर पहुंचकर आग बुझा दिया। शो-रूम के कर्मचारियों से चर्चा करने पर बताया गया कि शो-रूम के किसी वाहन को या शो-रूम में सर्विस के लिए लाये गये किसी भी ग्राहक के वाहन को नुकसान नहीं हुआ है। आगजनी का पूरा मामला शो रूम के पीछे कबाड़ में होने के कारण और इस पर जल्द ही काबू पा लेने से बड़ी घटना घटित होने से बच गई।

ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व हुंडई कार शो रूम में आग लगने से यहां लाये गये सर्विस के लिए ग्राहकों के 04 वाहन जलकर खाक हो गये थे। कुछ दिनों के अंतराल में कार शो रूम में आग लगने की यह दूसरी घटना है।

नक्सलियों ने ग्रामीण की टंगिया मारकर की हत्या

जगदलपुर, (आरएनएस)। जले के ग्राम कोडरी पारा पखनार में नक्सलियों के द्वारा आयतु कवासी पिता लखमा कवासी उम्र 39 वर्ष की हत्या टंगिया मारकर कर दी गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण आयतु कवासी ग्राम किलेपाल का निवासी था। रोजगार के सिलसिले में ग्राम कुमारसारडा एवं कोड़ेनार में कार्य कर रहा था। अपने इलाज के लिए दवा लेने ग्राम कोडरी पारा पखनार आया था। जहां नक्सली मंगलु और महंगु सहित आठ से दस नकाबपोश नक्सलियों ने आयतु को टंगिया मारकर हत्या कर दिया। दंतेवाड़ा एसपी अभिषेक पल्लव ने हत्या की पुष्टि करते हुए बताया कि आयतु का एक भाई लक्ष्मण कवासी दंतेवाड़ा पुलिस में कार्यरत है तथा मंगलु कवासी एक अन्य भाई जगदलपुर पुलिस में कार्यरत है। पुलिस से मिल रही जानकारी के अनुसार संभवतः इसी कारण से मौका पाकर आयतु कवासी की हत्या नक्सलियों ने कर दिया। मामला बस्तर जिला का है। यहां से पुलिस पार्टी घटना स्थल पर पहुंच गई है।

मुख्यमंत्री ने राजधानी के सेन्ट पॉल केथेड्रल पहुंचकर मसीही समाज सहित प्रदेशवासियों को दी 'क्रिसमस' की शुभकामनाएं

» केक काट कर कर क्रिसमस सेलिब्रेट किया

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज क्रिसमस पर्व पर राजधानी रायपुर के सेन्ट पॉल केथेड्रल पहुंचकर मसीही समाज सहित प्रदेशवासियों को प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन 'क्रिसमस' की बधाई और शुभकामनाएं दी । बघेल ने इस अवसर पर कहा कि प्रभु यीशु ने संपूर्ण मानव जाति के कल्याण के लिए करूणा, प्रेम, दया और सेवा का मार्ग दिखाया। उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। हमें आज उनके बताये जीवन मूल्यों को लेकर चलने की जरूरत है ताकि पूरी दुनिया में शांति की स्थापना हो सके। उनके बताए दया, करुणा, प्रेम और सेवा के मूल्यों को हमें अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर केथेड्रल में उपस्थित लोगों के साथ केक काटकर क्रिसमस सेलिब्रेट किया । उन्होंने सभी लोगों को केक खिलाकर क्रिसमस की खुशियां बांटी। चर्च के गायन दल ने कैरोल गीत प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री बघेल ने इस अवसर पर कहा कि प्रभु यीशु मसीह का जन्मदिन क्रिसमस पूरी दुनिया में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। लोगों को और विशेषकर बच्चों को इस दिन का बेसब्री से इंतजार रहता है। उन्होंने इस अवसर पर सभी लोगों के लिए प्रभु यीशु से सुख, समृद्धि की कामना की। बघेल ने कहा कि राज्य सरकार प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलकर समाज के सभी वर्गों और प्रदेश के विकास के लिए तत्पर है। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी, विधायक डॉ. श्रीमती रेणु जोगी और कुलदीप जुनेजा, नव निर्वाचित पार्षद एजाज ढेबर, बिशप राबर्ट अली, पादरी शमशेर सैमुअल, चर्च कोर्ट के अध्यक्ष जान राजेश पाल, चर्च के सचिव आशीष सालोमन, कोषाध्यक्ष प्रमोद मसीही, महेंद्र छाबड़ा सहित मसीही युवा सभा, महिला सभा और संडे स्कूल के पदाधिकारी, मसीही समाज के सदस्य और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन केथेड्रल कोर्ट के अध्यक्ष जॉन राजेश पॉल ने छत्तीसगढ़ी भाषा में किया ।

राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव की तैयारी युद्ध स्तर पर

» संस्कृति मंत्री भगत ने तैयारियों की समीक्षा की

रायपुर। रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 27 दिसम्बर से शुरू होने वाले राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव की तैयारी युद्ध स्तर पर जारी है। संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने आज साईंस कॉलेज मैदान में तैयारियों की समीक्षा की। भगत ने आयोजन स्थल पर मुख्य मंच, चार हजार दर्शकों की बैठक क्षमता वाले विशाल डोम, कलाकारो के लिए बनाए ग्रीन रूम, मीडिया के लिए व्यवस्था सहित विभिन्न पंडालों को घुमकर देखा। भगत पार्किंग स्थल भी गए और व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। भगत ने भोजन व्यवस्था के संबंध में तैयारी, फूड जोन, शिल्प ग्राम के स्टॉल और शासन के विभागों द्वारा लगायी जाने वाली प्रदर्शनी के तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने मुख्य मंच में बैठक व्यवस्था, प्रवेश आदि के बारे में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। भगत ने आयोजन स्थल पर अग्निशमन, स्वास्थ्य, पीने का साफ पानी और स्वच्छ शौचालय टैऊफिक प्लान आदि के बारे में भी जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर विधायक कुलदीप जुनेजा, विकास उपाध्याय, सीएसआईडीसी के एमडी अरूण प्रसाद, संस्कृति विभाग के उप संचालक राहुल सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

ढाबा से खाना खाकर लौट रहे बाईक सवार को ट्रक ने मारी ठोकर ,एक की मौत एक घायल

» हादसे से नाराज मृतक के भाई ने लगाई ट्रक में आग

रायपुर, (आरएनएस)। ढाबा से खाना खाकर मोटरसाइकिल में सवार होकर लौट रहे युवकों को तेज रफ्तार ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। जिसके चलते एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई । एक्सीडेन्ट में भाई की मौत हो जाने से नाराज युवक ने ट्रक में आग लगा दिया जिससे ट्रक जलकर खाक हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार वार्ड 7 अभनपुर निवासी शिव कुमार धीवर ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि बुधवार को अपने साथी महेश साहू तथा गौतम नेताम के साथ राजलक्ष्मी ढाबा अभनपुर में खाना खाकर मोटरसाइकिल ड्रीम युगा क्रमांक सीजी 04-एलएल-9204 में जिसे महेश साहू चला रहा था उसके पीछे गौतम नेताम तथा सबसे पीछे प्रार्थी बैठा हुआ था , वापस घर जाते समय करीब 10.45 बजे रात को जैसे ही संगवारी ढाबा के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार सामने से आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 04-जेबी-2048 का चालक तेज रफ्तार ट्रक को लापरवाहीपूर्वक चलाते हुये मोटरसाइकिल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे महेश साहू के सिर,चेहरे,कमर, जांघ में चोट आई एवं महेश साहू के मौके पर ही मौत हो गई तथा गौतम नेताम के मुंह, होंठ,में चोट आई है। ट्रक की रफ्तार देखकर प्रार्थी बाईक से कुद गया जिससे उसे चोट नही आई। घटना में बाईक क्षतिग्रस्त हो गई। एक्सीडेन्ट के बाद ट्रक चालक गुरूकृपा ढाबा के सामने अभनपुर में खड़ी कर भाग गया।

सरकारी मुर्गी पालन केंद्र में बर्ड फ्लू ने दी दस्तक,हज़ारो मुर्गियों को किया गया डिस्पोज

» कलेक्टर ने दी चिकन नही खाने की सलाह

कोरिया(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले के मुख्यालय बैकुंठपुर के शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में मुर्गियों व बटेरों में फैले संक्रमण के मद्देनजर यहां मुर्गियों व बटेरों को डिस्पोज किया जा रहा है. ताकि इलाके में बर्ड फ्लू न फैल पाए. यहां 3300 मुर्गीब्रूबटेर की मौत होने और बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद बाकी मुर्गियों को डिस्पोज किया जा रहा है।

पशु चिकित्सा विभाग द्वारा बरती जा रही एहतियातों के तहत हैचरी के 1 किलोमीटर के दायरे में आने वाले सभी पोल्ट्री फॉर्म एवं मीट-मटन की दुकानों को भी हटाया जा रहा है. कलेक्टर डोमन सिंह ने लोगों को चिकन नहीं खाने की सलाह दी है।

जिला मुख्यालय स्थित शासकीय हेचरी बैकुण्ठपुर में एवीयन एन्फ्लुएन्जा अर्थात बर्ड फ्लू से मुर्गियों के मृत्यु होने की पुष्टि भोपाल के लैब में होने के पश्चात शासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार शासकीय हेचरी बैकुण्ठपुर में रखे गये सभी 3 हजार मुर्गियों, 4 हजार चूजों एवं 2 हजार 500 अण्डे सहित 40 क्विंटल दाने आदि को नष्ट किया जा रहा है. सरकारी हैचरी व इससे सटे करीब एक किलोमीटर के दायरे में आने वाले घरों में पल रही मुर्गियों को भी डिस्पोज किया जाएगा।

ट्रक की ठोकर से कार क्षतिग्रस्त,मामला दर्ज

रायपुर(आरएनएस)। तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर कार को अपनी चपेट में ले लिया। जिसके चलते कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की रिपोर्ट धरसींवा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार नहरपारा इंदिरागांधी वार्ड गंज निवासी जतीन चावड़ा 45 वर्ष पिता मनीलाल चावड़ा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि बुधवार को रात्रि 7/00 बजे दिलबाग ढाबा के सामने थाना सांकरा धरसींवां में तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमसी 3377 का चालक ने कार क्रमांक सीजी 04 एचसी 0486 का चालक दामाखेडा, सिमगा से रायपुर जा रहा था पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर लद्दाख, सिक्किम, अरूणाचल प्रदेश, बेलारूस और छत्तीसगढ़ के कलाकार देंगे प्रस्तुति

रायपुर। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का शुभारंभ रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 27 दिसम्बर को सुबह 10 बजे होगा। शुभारंभ अवसर पर लद्दाख, सिक्किम, अरूणाचल प्रदेश, बेलारूस और छत्तीसगढ़ के कलाकारों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी।

संस्कृति विभाग द्वारा जारी प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार महोत्सव के प्रथम दिन 27 दिसम्बर को 11.45 बजे से विवाह एवं अन्य संस्कार, पारंपरिक त्यौहार एवं अनुष्ठान, फसल कटाई व कृषि तथा अन्य पारंपरिक विधाओं पर नृत्य प्रतियोगिताएं होंगी। असम के कलाकारों द्वारा बागरूंगा नृत्य प्रस्तुत की जाएगी। तेलंगाना के कलाकारों द्वारा कोया नृत्य, झारखण्ड के कलाकारों द्वारा छाऊ नृत्य, ओड़िसा के कलाकारों द्वारा सिंगारी नृत्य और गुजरात के कलाकरों द्वारा सिद्दी नृत्य प्रस्तुत की जाएगी। दोपहर 3 बजे से राजस्थान के कलाकरों द्वारा सहरिया स्वांग, जम्मू का गुजर नृत्य, हिमाचल प्रदेश का घुरई नृत्य, लद्दाख का लद्दाखी नृत्य, उत्तराखण्ड का झांझी नृत्य, केरल का तैयम नृत्य, महाराष्ट्र का तड़पा नृत्य, तेलंगाना का गुसाड़ी नृत्य, मध्यप्रदेश का भगोरिया नृत्य, अरूणाचल प्रदेश का रेह नृत्य, आंध्रप्रदेश का लम्बाड़ी नृत्य और उत्तरप्रदेश का गरद नृत्य का आयोजन होगा। रात्रि आठ से नौ बजे तक थाईलैण्ड, बांग्लादेश, बेलारूस, मालदीव एवं युगांडा देशों से आमंत्रित कलाकारों द्वारा गैर प्रतियोगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

महोत्सव के दूसरे दिन 28 दिसम्बर को सवेरे नौ बजे से दोपहर 12.50 बजे तक गुजरात का वसावा नृत्य, आंध्रप्रदेश का ढिमसा नृत्य, त्रिपुरा का ममिता नृत्य, झारखण्ड का पायका नृत्य, तमिलनाडु का टोडा नृत्य, आरूणाचल प्रदेश का आदि नृत्य, राजस्थान का गवरी नृत्य, छत्तीसगढ़ के कोण्डागांव का हुल्की नृत्य सहित असम और मध्यप्रदेश राज्य का नृत्य प्रस्तुत की जाएगी।

दोपहर 12.50 बजे से 1.40 बजे तक श्रीलंका, थाईलैण्ड एवं मालदीव देशों से आमंत्रित कलाकारों द्वारा गैर प्रतियोगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक गुजरात के कलाकारों द्वारा राठवा नृत्य, हिमांचल प्रदेश का किन्नौरा नृत्य, पश्चिम बंगाल का संथाली नृत्य का आयोजन होगा।

शाम 5 बजे से 7.30 बजे तक ओड़िसा का दुरवा नृत्य, बिहार का करमा नृत्य, अण्डमान निकोबार का निकोबारी नृत्य, तेलंगाना का माथुरी नृत्य, त्रिपुरा का होजागिरी नृत्य, उत्तराखण्ड का हारूल नृत्य, मणिपुर का थांगकुल नृत्य, छत्तीसगढ़ के जगदलपुर के कलाकारों द्वारा दंडामि माड़िया नृत्य प्रस्तुत की जाएगी। 7.30 बजे से 8.15 बजे तक अतिथियों के आगमन पर मंचीय कार्यक्रम होगा। रात्रि 8.15 बजे से 9 बजे तक बांग्लादेश, युगांडा एवं बेलारूस देशों से आमंत्रित कलाकारों द्वारा गैर प्रतियोगी सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत की जाएगी।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा समपर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रश्मी तमुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आकलन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं तकनीकी तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु पर संघ मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा सांवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित विभिन्न कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूल निवेरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU